दिनांकः 23.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

कृतज्ञ राष्ट्र, आज शहीदी दिवस के अवसर पर भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के साहस को नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों से कहा कि ये अवसर स्वतंत्रता सेनानियों और देश के महान नायकों के योगदान को याद करने का है। संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में आज स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीदी दिवस के उपलक्ष में आज राष्ट्रव्यापी पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा देश के सभी 763 जिलों में आयोजित की जा रही है।

000

आज विश्व मौसम विज्ञान दिवस है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की स्थापना के उपलक्ष में पूरी दुनिया में साल 1950 से ये दिन मनाया जाता है। इस साल की थीम **"आज का अवलोकन, कल की सुरक्षा** रखी गई है। ये थीम, मौसम, जलवायु और पानी से जुड़े मौजूदा मुद्दों को दर्शाती हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मौसम विज्ञान केन्द्र, मौसम और जल विज्ञान सेवाओं से जुड़े पूर्वानुमान बताता है। उन्होंने बताया कि इससे आंधी, बारिश, लू और हवा की गति के संबंध में सटीक अनुमान लगाये जाते हैं, जिससे आपदा प्रबंधन में मदद मिलती है।

....

000

राज्य में आज राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में सुबह से ही बादल छाये हुए हैं और कई जगह गरज के साथ हल्की बारिश का सिलसिला बना हुआ है। जयपुर, अलवर, डीडवाना सहित कुछ स्थानों पर सुबह घनघौर घटाएं छाईं और तेज हवाओं के साथ कुछ देर बरसात हुई। वहीं बीते 24 घंटों में सीकर, जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर और फलौदी सहित कई जगह पानी बरसा। बालोतरा जिले के समदड़ी क्षेत्र में देर रात ओले भी गिरे। पिछले चार दिनों से मौसम में आए बदलाव के कारण लोगों को एक बार फिर से गुलाबी ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने आज भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान बताया है। वहीं 25 और 26 मार्च को एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं। इसके असर से 15 जिलों में आंधी–बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

000

उत्तर–पश्चिम रेलवे ने जोधपुर के भगत की कोठी रेलवे स्टेशन से जम्मूतवी एक्सप्रेस को 1 अप्रेल से दोबारा अपने पूरे मार्ग पर संचालित करने का निर्णय लिया है। इससे जोधपुर से जम्मू जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि पिछले साल भारी बरसात से आई तकनीकी खराबी के कारण, इसका संचालन आंशिक रूप से रद्द किया गया था। अब कठुआ–माधोपुर रेलखंड पर मरम्मत का काम पूरा होने के बाद इस ट्रेन को फिर से पूरे मार्ग पर चलाने का फैसला लिया गया है।

000

चैत्र नवरात्रि का पांचवां दिन आज मां स्कन्दमाता की पूजा अर्चना को समर्पित है। माता का ये स्वरूप ममता, करूणा और प्रेम का प्रतीक है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज दोपहर जोबनेर और सांभर दौरे का कार्यक्रम है। श्री शर्मा ज्वाला माता मंदिर और शाकम्भरी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। उधर, झुंझुनूं के सकराय स्थित माता शाकम्भरी मंदिर में आज महाआरती के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। देशभर से भक्त माता रानी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जेलों की स्थिति से संबंधित ताजा आंकड़े 18 मई तक पेश करने के निर्देश दिये हैं, जिसमें कैदियों की स्वीकृत क्षमता और भीड़भाड़ से निपटने के लिए उठाए गए कदम शामिल हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की

पीठ ने हाल में एक आदेश में महिला जेलों की संख्या और उपलब्ध सुविधाओं का ब्यौरा भी मांगा है। इसमें महिला कैदियों के साथ रहने वाले बच्चों की शिक्षा और कल्याण के उपाय भी शामिल हैं।

000